# <u>कंप्यूटर (हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर) प्रबंधन शाखा - हार्डवेयर यूनिट</u>

संसद सदस्यों के लिए सुरक्षित हाई स्पीड वाई-फाई सुविधा: जिन सदस्यों को अपने पोर्टेबल उपकरणों को संसद भवन में उपयोग के लिए कॉन्फ़िगर कराना है , वे सत्र से पहले कमरा नंबर 149, प्रथम बेसमेंट, संसदीय ज्ञानपीठ और सत्र के दौरान संसद सूचना कार्यालय, कमरा नंबर 23, संसद भवन में यह कार्य करा सकते हैं।

माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संसद परिसर, जहां वे अक्सर आते हैं, में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) द्वारा हाई स्पीड वाई-फाई सुविधा प्रदान की गई है। जिन सदस्यों ने "वाई-फाई सुविधा अनुरोध फॉर्म", जिसमें उनका विवरण, डिवाइस का मेक/मॉडल और मीडिया एक्सेस कंट्रोल एड्रेस (मैक) नंबर मांगे गए हैं, जमा कर दिए हैं, उन सभी सदस्यों की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर यूजर आईडी/पासवर्ड की जानकारी भेज दी गई है। वे इसका उपयोग कर वाई-फाई सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। जिन सदस्यों ने अभी तक ऐसा नहीं किया है, वे वाई-फाई एक्सेस के लिए अधिकतम तीन मोबाइल डिवाइस पंजीकृत कर सकते हैं और विधिवत भरे हुए फॉर्म को <u>आगामी सत्र से पहले</u>, कमरा नंबर 149, प्रथम बेसमेंट, संसदीय ज्ञानपीठ (फोन नंबर 23034280/23035290/23035328) में जमा कर सकते हैं। <u>आगामी सत्र के दौरान</u> सदस्य कमरा नंबर 23, संसद सूचना कार्यालय, संसद भवन (फोन नंबर 23034610/23034621/23034684) पर इसका पंजीकरण करा सकते हैं । वाई-फाई एक्सेस फॉर्म लोकसभा की वेबसाइट (www.loksabha.nic.in-> Members-> Others-> Download forms-> Wi-Fi Request Form) से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। मोबाइल डिवाइस के मैक नंबर पते को खोजने के लिए, निम्नलिखित निर्देशों का पालन किया जाए:-

**(i) एंड्रॉयड फोन पर मैक एड्रेस ढूंढें:**

1. होम स्क्रीन पर, मेनू बटन पर टैप करें और सेटिंग्स पर जाएं।

2. अबाउट फोन पर टैप करें (मैक पता खोजने के लिए नीचे स्क्रॉल करें, यदि न मिले तो ऑल स्पेसिफिकेशन/स्टेटस आईएमईआर और आईपी पर क्लिक करें)।

3. स्टेटस टैप करें।

4. वाई-फाई मैक एड्रेस देखने के लिए नीचे स्क्रॉल करें।

या

1. होम स्क्रीन पर, मेनू बटन पर टैप करें और सेटिंग्स पर जाएं।

2. अबाउट फोन पर टैप करें।

3. हार्डवेयर इंफोर्मेशन पर टैप करें।

4. वाई-फाई मैक एड्रेस देखने के लिए नीचे स्क्रॉल करें।

या

1. होम स्क्रीन पर, मेनू 'की' दबाएं और सेटिंग्स का चयन करें।

2. अब वायरलेस और नेटवर्क का चयन करें।

3. वाई-फाई सेटिंग्स का चयन करें (आपको एडवांस्ड सेक्शन के अंतर्गत मैक एड्रेस मिलेगा)।

**(ii) विंडोज मोबाइल डिवाइस पर मैक एड्रेस ढूंढें:**

**विंडोज मोबाइल डिवाइस के मैक एड्रेस का पता लगाने के लिए, इन चरणों का पालन किया जाए:**

1. स्टार्ट पर, ऐप सूची को बाएं खिसकाएं।

2. सेटिंग्स को टैप करें, फिर नीचे स्क्रॉल करें और अबाउट पर टैप करें, अबाउट स्क्रीन में मोर इन्फो. पर टैप करें।

3. मैक एड्रेस नोट करें।

**(iii) आईपैड, आईफोन या आईपॉड टच के मैक एड्रेस का पता लगाने के लिए, इन चरणों का पालन करें:**

1. सेटिंग्स पर टैप करें।

2. बाईं ओर के मेनू से, जनरल का चयन करें।

3. फिर, अबाउट चुनें।

4. मैक एड्रेस वाई-फाई एड्रेस के रूप में सूचीबद्ध है।

**(iv) लैपटॉप कंप्यूटर के माध्यम से वाई-फाई एक्सेस:**

**लैपटॉप का वाई-फाई मैक एड्रेस खोजने के लिए (विंडोज 7, विस्टा, विंडोज 8.1 और विंडोज 10 या उससे ऊपर के संस्करण) -**

<u>विकल्प 1 (विंडोज 7, विस्टा के लिए):</u>

1. अपनी स्क्रीन के नीचे बाईं ओर स्टार्ट बटन पर क्लिक करें।

2. सर्च बॉक्स में ncpa.cpl टाइप करें और एंटर दबाएं।

3. अपने लोकल एरिया कनेक्शन/वाई फाई कंट्रोलर पर राइट-क्लिक करें और स्टेटस का चयन करें

4. डिटेल्स पर क्लिक करें और फिजिकल एड्रेस मैक एड्रेस है।

<u>विकल्प 2 (विंडोज 8.1 और विंडोज 10)</u>

1. अपनी स्क्रीन के नीचे बाईं ओर स्टार्ट विंडो पर राइट क्लिक करें /नीचे बाईं स्क्रीन में विंडोज लोगो पर क्लिक करें।

2. नेटवर्क कनेक्शन पर क्लिक करें/सर्च बॉक्स में, सीएमडी (कमांड) टाइप करें और एंटर दबाएं।

3. ईथरनेट पर राइट क्लिक करें और कमांड प्रॉम्प्ट में स्टेटस/ का चयन करें,getmac (बिना स्पेस के साथ) में टाइप करें और एंटर दबाएं।

4. डिटेल्स पर क्लिक करें – फिजीकल एड्रेस मैक एड्रेस है/मैक एड्रेस को वाई-फाई कंट्रोलर का फिजीकल एड्रेस कहा गया है।

<u>विकल्प3:</u>

1. स्टार्ट मेन्यू/बटन पर क्लिक करें, फिर रन आइटम का चयन करें और कमांड प्रॉम्प्ट खोलें।

2. टेक्स्ट फील्ड में cmd (कमांड) टाइप करें।

3. स्क्रीन पर एक टर्मिनल विंडो दिखाई देगी। ipconfig/ all टाइप करें और एंटर करें।

4. आपके कंप्यूटर पर प्रत्येक एडाप्टर के लिए जानकारी का एक ब्लॉक होगा। वायरलेस के लिए विवरण क्षेत्र में देखिए। उस ब्लॉक के लिए फिजीकल एड्रेस आपका वायरलेस मैक एड्रेस है।

**(v) मैक (मैकिंटोश) ओएस/ओएस एक्स में मैक एड्रेस (वाई-फाई कंट्रोलर) खोजने के लिए:**

विकल्प 1:

1. स्पॉटलाइट खोलने के लिए शीर्ष दाएं कोने में मैग्नीफाइंग ग्लास पर क्लिक करें।

2. सर्च बॉक्स में Network Utility टाइप करें। जब नेटवर्क यूटिलिटी एप्लीकेशन दिखाई दे, तो इसे खोलने के लिए उस पर क्लिक करें।

3. हार्डवेयर एड्रेस मैक एड्रेस है।

विकल्प 2:

1. अपनी स्क्रीन के शीर्ष बाईं ओर ऐप्पल मेनू से सिस्टम प्रेफरेंसेज का चयन करें।

2. सिस्टम फरेंसेज मेनू से नेटवर्क पर क्लिक करें।

3. बाईं ओर इंटरफेस की सूची से वाई-फाई चुनें और एडवांस्ड बटन पर क्लिक करें।

4 हार्डवेयर टैब चुनें जिसके तहत आपको अपने वायरलेस कार्ड का मैक एड्रेस दिखाई देगा।

विकल्प 3:

1. ऐप्पल मेनू पर क्लिक करें, और लोकेशन मेनू आइटम चुनें।

2. नेटवर्क प्रेफरेंसेज /सिस्टम प्रेफरेंसेज पर क्लिक करें, नेटवर्क आइकन पर डबल क्लिक करें ।

3. शो मेन्यू पर क्लिक करें और एयरपोर्ट आइटम चुनें / एयरपोर्ट पर क्लिक करें और एडवांस्ड चुनें।

4. एयरपोर्ट आईडी आपका वायरलेस मैक एड्रेस है।

**(vi) लाइनक्स ओएस के साथ लैपटॉप पर मैक एड्रेस (वाईफाई कंट्रोलर) कैसे ढूंढें:**

1. टर्मिनल विंडो में ifconfig (**या** ifconfig -a) टाइप करें और एंटर करें।

2. आपको इंटरफेस की एक सूची दिखाई देगी। आपका वायरलेस इंटरफ़ेस wlan0 या wifi0 या eth0 नाम से दिया गया होगा। वायरलेस मैक एड्रेस HWaddr नाम के फील्ड में होगा (यह मैक एड्रेस है)।

3. या, यदि आपने iwconfig इनस्टाल किया है तो आप अपना वायरलेस मैक एड्रेस खोजने के लिए उसका उपयोग भी कर सकते हैं।

किसी भी पूछताछ के लिए माननीय सदस्य कमरा नंबर 105, संसद भवन (फोन नंबर 23034392) पर एनआईसी से संपर्क कर सकते हैं।

सदस्यों का सहयोग प्रार्थनीय है।

******